तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 22. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 4 अप्रैल 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

4 प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने उपजेल का किया औचक निरीक्षण



## खबर संक्षेप

### भिलाई में अखंड नवधा रामायण आज से, बहेगी भक्ति की बयार

**जांजगीर-चांपा।** बलौदा ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत भिलाई में शनिवार 4 अप्रैल से अखंड नवधा रामायण प्रारंभ हो रहा है। इस बीच गांव में 9 दिन भक्तिमय वातावरण रहेगा। अखंड नवधा रामायण ब्यास पीठ पर आनंद शर्मा आचार्य, संतोष पाठक होंगे। नवधा रामायण के यजमान अजय देवांगन-श्रीमती अर्चना देवांगन, संचालक चंद्रभूषण उपाध्याय, अध्यक्ष मिथलेश गोपाल सहित अन्य ग्रामीण शामिल होंगे। नवधा रामायण को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। नवधा रामायण में ग्राम भिलाई सहित आसपास के गांव के लोग भी बडी संख्या में शामिल होंगे।

### बिर्रा के ब्रह्माकुमारीज केंद्र में स्टेज प्रोग्राम कल

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के केरा रोड संजय नगर में स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय के सेवा केंद्र बिर्रा में 5 अप्रैल रविवार को सुबह 11 बजे से स्टेज प्रोग्राम कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। इस संबंध में बीके फिरतू राम साहू ने बताया कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय सेवा केंद्र बिर्रा में 5 अप्रैल रविवार को स्टेज प्रोग्राम विश्वास एवं एकता के लिए आंतरिक गुणों की आवश्यकता विषय पर आधारित ज्ञान एवं परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। आवश्यक तैयारियां ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र बिर्रा के दीदी एवं भैया द्वारा पूरी कर ली गई है।

### अग्निवीर सेना में भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन की तिथि में वृद्धि

**सक्ती।** सभारतीय थल सेना कार्यालय द्वारा अग्निवीर में भर्ती हेतु आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि पहले ऑनलाईन आवेदन एवं पंजीयन हेतु 1 अप्रैल की समयसीमा निर्धारित की गई थी। जिसमे वृद्धि करते हुए आवेदन अब 10 अप्रैल तक आमंत्रित किया गया है। यह अधिसूचना भारतीय सेना के आधिकारिक वेबसाईट पर भी उपलब्ध है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत अग्निवीर कैटैगरी (पुरुष) में जनरल ड्यूटी, तकनीकी, लिपिक, स्टोरकीपर ट्रेडमैन (दसवी), ट्रेडमेन (आठवीं) अग्निवीर (महिला) सेना पुलिस तथा स्थाई कैडर में नर्सिंग सहायक, सिपाही फार्मा, हवलदार सेना शिक्षा तथा धर्म शिक्षक के लिए पंजीकरण किया जा रहा है। इच्छुक तथा योग्य पुरूष अथवा महिला उम्मीदवार वेबसाईट पर उपलब्ध विभिन्न पदों की अर्हता के अनुसार आवेदन कर सकते है।

### अवैध महुआ पास पर पुलिस की कार्रवाई, भारी मात्रा में कच्चा माल नष्ट

**सक्ती।** जिले में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जैजैपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम ओड़ेकेरा स्थित तेंदवाही तालाब में छिपाकर रखे गए भारी मात्रा में महुआ पास को नष्ट किया। इसी दौरान 3 अप्रैल को थाना जैजैपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम ओड़ेकेरा के तेंदवाही तालाब के पार अवैध शराब निर्माण हेतु महुआ पास को पानी में डुबाकर रखा गया है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और तालाब से भारी मात्रा में महुआ पास बरामद किया, जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक भूपेंद्र सिंह चन्द्रा, प्रधान आरक्षक परमानंद घृतलहरे, आरक्षक मनोज लहरे एवं आरक्षक राधेश्याम टंडन का विशेष योगदान रहा। क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार करने वालों के विरुद्ध इसी प्रकार सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।



---

### चोरी की नीयत से घुसे आरोपियों ने ली थी बुजुर्ग दंपती की जान

# खपरी डबल मर्डर का पर्दाफाश

# पिता व दो पुत्रों के साथ चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

## 48 घंटे के भीतर पुलिस ने सुलझा ली अंधे कत्ल की गुत्थी

मुलमुला थाना क्षेत्र के खपरी गांव में बुजुर्ग दंपती की अंधे कत्ल की गुत्थी पुलिस ने 48 घंटे के भीतर सुलझा ली। इस मामले में गांव के ही चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। खास बात यह है कि आरोपियों में एक ही परिवार के तीन सदस्य एक पिता और उसके पुत्र शामिल है। हत्या का कारण जेवरातों की चोरी को बताया जा रहा है। पुलिस ने पकडे गए आरोपियों से चोरी हुए जेवरात को भी बरामद किया है।

शुक्रवार 3 अप्रैल को इस मामले का पर्दाफाश करते हुए बताया कि बुधवार 1 अप्रैल को मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम खपरी में बुजुर्ग दंपती की बेरहमी से हत्या होने की सूचना मिली। जिस पर पुलिस टीम तत्काल गांव पहुंची। पुलिस ने देखा कि ग्राम खपरी निवासी संतराम साहू उम्र 70 वर्ष एवं उसकी पत्नी श्याम बाई साहू उम्र 65 का शव घर में खुन से लथपथ पड़ा था। कुछ ही देर में पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय और अधिकारी पहुंचे। पुलिस टीम ने फोरेंसिंक टीम को बुलवाया और डॉग स्क्वायड की मदद ली गई। इस मामले की जांच में जुटी पुलिस टीम ने सभी बिन्दुओं पर जांच करते हुए पूछताछ शुरू की। साथ ही सीसीटीवी कैमरे की मदद ली गई। पुलिस टीम ने दो दिनों के भीतर ही इस मामले का पर्दाफाश करते हुए ही हत्या के आरोप में गांव के ही आरोपी गजेन्द्रपाल दिनकर पिता श्यामरतन दिनकर उम्र 24 वर्ष, सुरेन्द्र यादव पिता अमरनाथ यादव उम्र 25 वर्ष, श्यामरतन दिनकर पिता रामनारायण दिनकर उम्र 53 वर्ष और विजेन्द्र पाल दिनकर पिता श्यामरतन दिनकर उम्र 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो नग चाकू, चोरी किए गए सोने की हार, चांदी का पायल और घटना में प्रयुक्त मोटरसायकल को जब्त किया गया है। मामले में चारों आरोपियों को धारा 103 (1), 61 (2), 309 (4), 111 बीएनएस के तहत गिरफ्तार किया गया है।



मामले का खुलासा करते एसपी, एएसपी व अन्य अफसर।

### छोटी छोटी जानकारी जुटाकर आरोपियों तक पहुंची पुलिस

पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि घटना के बाद पुलिस की संयुक्त टीम ने कैंप करके छोटी छोटी जानकारियां जुटानी शुरू की। परिवार व पडोसियों से पूछताछ करने पर पता चला कि साहू दंपती की किसी से दुश्मनी नहीं थे। वे अकेले रहते थे। शरीर के निरीक्षण से स्पष्ट हुआ कि घटना कारित करने वाले आरोपी चोरी की नियत से घुसे थे। ऐसे में चोर बदमाशों की पतासाजी की गई। पता करने पर जानकारी मिली कि आरोपी गजेन्द्र दिनकर घटना के दिन से गांव में नहीं है। जिस पर सायबर सेल की टीम उसे पकड़ने उसके ससुराल नवागांव पहुंची, जहां से उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। इस दौरान आरोपी गजेन्द्र के हाथ में चोटें आई थी। जिसके संबंध में पूछने पर वह गोलमोल जवाब देने लगा। जिस पर पुलिस ने थोड़ी सख्ती बरती तो उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और सुरेन्द्र यादव के साथ मिलकर चोरी की नियत से घुसने और जागने पर दंपती की हत्या करना स्वीकार किया।

### शादी में कैमरामेन बनकर की रेकी फिर दिया वारदात

पुलिस ने बताया कि मामले में मुख्य साजिशकर्ता आरोपी सुरेन्द्र यादव बुजुर्ग दंपती के घर शादी में कैमरामैन बनकर आया था, वह वीडियोग्राफी करता था। शादी के दौरान उसने घर की पूरी रेकी थी, उसे मालूम था कि घर में पैसे और जेवरात है तथा संतराम और उसकी पत्नी श्यामबाई दोनों अकेले रहते है। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने इस बात की जानकारी अपने साथी गजेन्द्र पाल दिनकर को दी तथा उन्होंने इस वारदात को अंजाम देने पूरी योजना बनाई। इस कार्य में वीरेन्द्र पाल, उसके भाई गजेन्द्र पाल और पिता श्यामरतन दिनकर को भी उन्होंने शामिल किया। फिर रात के समय संतराम के घर में वे चोरी करने घुसे।

---

# अकलतरा नगर पालिका में अधिकारी-कर्मचारियों का टोटा

### सब इंजीनियर, एकाउंटेंट व हेड क्लर्क नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर पालिका अकलतरा इन दिनों जैसे तैसे चल रहा है। यहां अधिकारी से लेकर कर्मचारी तक के पद महीनों से खाली पडे हुए है। खास करके सब इंजीनियर, हेड क्लर्क और एकाउंटेट के पद 6 माह से रिक्त है।

अकलतरा नगर पालिका में सब इंजीनियर, हेड क्लर्क और एकाउंटेट का पद बीते 6 महीने से रिक्त पड़ा है। ऐसे में यहां के विभागीय कामकाज के अलावा विकास कार्य भी प्रभावित हो रहे है। सब इंजीनियर नहीं होने के कारण सड़क, पानी, बिजली जैसी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। वहीं विभागीय कामकाज भी समय पर नहीं हो पा रहे है।

### मुख्य सचिव को पत्र लिखकर बताई समस्या

नगर के पूर्व पार्षद एवं एल्डर मेन आशा दीवान ने स्थानीय नगर पालिका परिषद् को एक बीमारू संस्था निरूपित करते हुए इसकी दयनीय स्थिति से अवगत कराते हुए छग शासन के मुख्य सचिव विकाश शील को पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि विगत 6 माह से परिषद में कोई हेड क्लर्क, अकाउंटेंट, और सब इंजीनियर नहीं होने से समस्त कार्यालयीन एवं निर्माण कार्य भगवान भरोसे चल रहे हैं। स्थानीय जनप्रधिनिधि भी मौन है। फलस्वरूप सड़क, पानी, बिजली सहित विकास कार्य ठप पड़े हैं। पानी सप्लाई के लिए पोड़ीभाठा से महाराजा राइस मिल तक बिछाया गया नवीन पाइप लाइन में हितग्राहियों को कनेक्शन नहीं दिया जा रहा है। इसी तरह वार्ड 3 में रायपुर राइस मिल से हसन घर तक नाली निर्माण कार्य सभी औपचारिकता पूरा होने के बाद भी निर्माण लंबित हैं। दीवान गली वार्ड 3 में सीएसआर मद से बनी सीसी रोड मे जल निकासी के लिए सोकपिट ही नहीं बनाया गया है तथा जोनल ठेकेदार का नवीन ठेका नहीं होने के कारण छोटे-मोटे सुधार कार्य नहीं हो पा रहे हैं। दीवान ने मुख्य सचिव से नगर पालिका के पूर्व व वर्तमान में जारी अनियमितता की जांच रायपुर के उच्च अधिकारियों से कराने की मांग की है।

### किए हैं पत्राचार

नगर पालिका में सब इंजीनियर, क्लर्क और एकाउंटेट के रिक्त पदों के संबंध में पत्राचार किया गया है। वहां से जो भी पहल होगी। उसके अनुसार व्यवस्था बनाई जाएगी।

-संजय सिंह,
सीएमओ
नगर पालिका परिषद अकलतरा

---

## जमीन विवाद में महिला पर जानलेवा हमला, आरोपी हुआ गिरफ्तार



गिरफ्तार आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

जमीन विवाद के चलते महिला पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला नवागढ थाना क्षेत्र के ग्राम गोधना का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गोधना में 2 अप्रैल को जमीन विवाद के चलते आरोपी भोलाशंकर कश्यप उम्र 60 वर्ष ने अपने ही रिश्तेदारी में आने वाली महिला निर्मला कश्यप पर टांगी से जानलेवा हमला कर दिया। घटना के समय महिला घर में अकेली थी। प्रार्थी विशाल कश्यप के घर लौटने पर आरोपी ने उस पर भी टांगी से हमला करते हुए जान से मारने की धमकी दी, जिससे उसे हाथ में चोट आई। अंदर जाकर देखने पर उसकी पत्नी बेहोश अवस्था में मिली, जिसके सिर में गंभीर चोट लगकर खून बह रहा था। घायल महिला को तत्काल शासकीय अस्पताल नवागढ़ ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल जांजगीर रेफर किया गया, जहां उसका इलाज जारी है। थाना नवागढ़ पुलिस को सूचना मिलने पर तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर घटनास्थल का निरीक्षण, साक्ष्य संकलन एवं गवाहों के बयान लिए गए। तत्पश्चात त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त टांगी जप्त की गई। आरोपी के विरुद्ध धारा 109(1), 331(7) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक कमलेश सेंडे थाना प्रभारी नवागढ़ एवं थाना स्टाफ का योगदान रहा।

### जुए फड पर पुलिस की दबिश, तीन जुआरी गिरफ्तार

**सक्ती।** जुए के फड पर दबिश देते हुए पुलिस ने तीन जुआरियों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं उसके कब्जे से दो बाइक की जब्ती बनाई गई है। मामला जैजैपुर थाना अंतर्गत ग्राम बेलादुला का है। मिली जानकारी के अनुसार जैजैपुर पुलिस द्वारा 3 अप्रैल को मुखबीर सूचना पर ग्राम बेलदुला में दबिश जहां कामता चन्द्रा पिता दामोदर चन्द्रा निवासी बेलादूला, रमेश कुमार भारद्वाज पिता आजूराम भारद्वाज निवासी कुटराबोड, फलिन्द्र कुमार चन्द्रा पिता नन्हे चन्द्रा निवासी ओड़ेकेरा को मौके पर 52 पत्ती तास से काटपत्ती नामक जुआ खेलते रंगे हाथों पकड़ा गया तथा कुछ जुआड़ियान मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए।

## रात में दी दबिश, अवैध परिवहन में लगे तीन वाहनों को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

रात में दबिश देकर संयुक्त टीम ने रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन कार्य में लगे तीन वाहनों को जब्त किया है। मामला हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम करही का है।

**खास बात**

- हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम करही का मामला, संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सक्ती के मार्गदर्शन में तहसील हसौद अंतर्गत ग्राम करही में रात्रि लगभग 10 बजे कार्यवाही करते हुए अवैध रेत परिवहन में संलिप्त एक हाइवा और एक ट्रैक्टर-लोडर को मौके से जब्त किया गया। यह कार्यवाही खनिज एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई। उक्त प्रकरण में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 तथा खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 के तहत नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री तोपनो के निर्देशन में जिले में अवैध खनिज गतिविधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है। इधर कार्रवाई होने से खनिज माफियाओं में हडकंप मचा हुआ है।



जब्त वाहन।

## इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक पोस्ट कर पैसो की मांग, दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक पोस्ट कर रुपए की मांग करने वाले दो आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। मामला नैला चौकी के ग्राम पाली का है।

इस संबंध में नैला पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की उसकी लड़की से आरोपियों के द्वारा दोस्ती कर प्रेम जाल में फंसा कर दिसंबर 2025 से उसका अश्लील फोटो वीडियो को प्रार्थी तथा उसके रिश्तेदार परिवार के लोगों को इंस्टाग्राम में अलग-अलग आईडी से मैसेज कर रहे हैं। इसके साथ ही 70 हजार की मांग कर रहे है और पैसा नहीं देने पर उसकी लड़की का फोटो वायरल करने की धमकी लगातार दे रहे थे। प्रार्थी की रिपोर्ट पर इंस्टाग्राम धारकों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मोबाइल नंबर के धारक की पहचान प्रेम कुमार सूर्यवंशी और शिवम भवानी दोनों निवासी पाली नैला के रूप में हुई। थाना कोतवाली से एक टीम ग्राम पाली नैला की ओर रवाना किया गया जो पुलिस टीम के द्वारा अलग-अलग स्थान से दोनों आरोपियों को पकड़ा गया दोनों आरोपियों से पृथक पृथक पूछताछ करने पर प्रारंभिक तौर पर गुमराह करते रहे परंतु तकनीकी आधार पर पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों ने प्रार्थी की लड़की से दोस्ती करना तथा अलग-अलग इंस्टाग्राम आईडी से उसकी फोटो पोस्ट कर पैसे की मांग करने का अपराध घटित करना स्वीकार किया दोनों आरोपियों से घटना में प्रयुक्त 2 नग मोबाइल जप्त किया गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



### आवासीय विद्यालयों में प्राक्चयन परीक्षा, आवेदन 17 तक

**सक्ती।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रदेश में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा की सूचना जारी कर दी गई है। प्रदेश के प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लेट तथा एनडीए जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है।

---

### सक्ती जिले में बडे पैमाने पर लगाई गई है धान की फसल

# उर्वरक बीज एवं कीटनाशक दवाओं की कालाबाजारी रोकने उठाए जाएंगे प्रभावी कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

कीटनाशक उर्वरक एवं बीज की कालाबाजारी रोकने को लेकर प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। इसे लेकर सक्ती जिले में नियंत्रण कक्ष बनाए गए है। सक्ती जिले के 4 ब्लाक में किसानों द्वारा ग्रीष्मकालीन धान की खेती की जा रही है।

जिले में किसानों को निर्धारित दर पर गुणवत्तायुक्त उर्वरक की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य उर्वरक की कालाबाजारी, गैर कृषि उपयोग, जमाखोरी, अधिक कीमत पर विक्रय तथा अमानक उर्वरकों की बिक्री जैसी अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। किसानों से प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण एवं उर्वरकों के सुचारू वितरण को सुनिश्चित करने के लिए गठित इस नियंत्रण कक्ष में अनुविभागीय कृषि अधिकारी कृतराज को नियंत्रण कक्ष प्रभारी नियुक्त किया गया है। उन्हें हेल्पलाइन नंबर पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कृषि विकास अधिकारी कृष्ण सिंह पैंकरा को नियंत्रण कक्ष उप प्रभारी बनाया गया है, जो प्रभारी के सहयोग से शिकायतों के निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही करेंगे। वहीं कृषि विकास अधिकारी श्रीमती मोनिका पटेल को हेल्पलाइन प्रभारी नियुक्त किया गया है, जिनका दायित्व हेल्पलाइन पर प्राप्त कॉल को रिसीव करना, शिकायतों एवं मांग की जानकारी तत्काल प्रभारी एवं उप प्रभारी तक पहुंचाना तथा शिकायतों का पंजी संधारण करना होगा। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी राजेन्द्र कुमार चंद्रवंशी को हेल्पलाइन सहायक का दायित्व सौंपा गया है, जो प्राप्त शिकायतों एवं उन पर की गई कार्यवाही का अभिलेख संधारित करेंगे। इसके अलावा भृत्य सुमीत कुमार यादव को सहायक के रूप में नियुक्त किया गया है। नियंत्रण कक्ष प्रभारी द्वारा प्रत्येक शुक्रवार तथा शुक्रवार को अवकाश होने की स्थिति में गुरुवार को साप्ताहिक प्रगति प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे कार्यों की नियमित निगरानी एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।



खेतों में लहलहा रही फसल।

## नाबालिग बालिका से अनाचार मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नाबालिग के साथ मारपीट व अनाचार के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम अमरताल का है।

इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता द्वारा थाना अकलतरा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि अमरताल निवासी प्रमोद निराला उम्र 21 वर्ष द्वारा पिछले तीन वर्षों से जान - पहचान का फायदा उठाते हुए उसे बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाया गया तथा नाबालिग होने के बावजूद उससे शादी कर ली गई। इसी दौरान 31 मार्च को को रात्रि लगभग 8 बजे आरोपी ने शराब के नशे में पीड़िता के साथ डंडे से मारपीट की, जिससे उसे हाथ, कोहनी एवं घुटने में चोटें आईं। पीड़िता के अनुसार आरोपी पूर्व में भी लगातार प्रताड़ित करता रहा है। पीड़िता द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 में सूचना देने पर मामला संज्ञान में आने उपरांत थाना अकलतरा में धारा 137(2), 63(डी)(6), 64(2)(एम), 65(1), 87, 115(2) बीएनएस एवं धारा 4, 6 पोक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपराध करना स्वीकार किए जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना


Rera Registration No.
PCGRERA050625001938
Aasma
जिस पर विश्वास एक परंपरा है।
अपने परिवार को नई रजिस्ट्री दरों का तोहफा देकर
अपने परिवार को दें एक ऐसा आसमां
जो दिल को भी भाए और जीवन को भी सजाए।
RERA APPROVED
1600 परिवारों का अटूट भरोसा
प्लाट की क़ीमत
14 लाख से 50 लाख तक
घर की क़ीमत
19.5 लाख से शुरु
AASMA BUILDERS & COLONISERS LTD.
Aasma City, Near Jain International School,
Mungeli Road, Bilaspur (C.G.)
For More Details Contact
+91 9984999855
+91 9981620000
+91 9755855116
For more information scan this QR code

# स्कूल कैंपस में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्रों की शिक्षा विभाग के पास नहीं है सूची

**खबर संक्षेप**



## प्रत्येक हिन्दू के घर में भगवत गीता होना चाहिए : अजय

**हरदीबाजार।** ग्राम धतुरा में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें व्यास पीठ से पं दयानंद कृष्ण महराज के द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का वाचन किया जा रहा है। यह आयोजन स्व धीरज कुमार कौशिक की स्मृति में किया जा रहा हैं। आज श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन सनातन संघर्ष समिति के जिला संयोजक एवं भाजपा के जिला मंत्री अजय कुमार दुबे कथा श्रवण करने पहुंचे। उन्होंने सर्वप्रथम व्यास पीठ से पं. दयानंद कृष्ण महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात समस्त उपस्थित सनातन बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि अत्यंत सौभाग्यशाली लोगों को ही श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि आप अनिवार्य रूप से अपने अपने घरों में श्रीमद्भागवत गीता रखें एवं समय निकाल कर उसका वाचन करें एवं बच्चों को भी प्रेरित करें। श्रीमद्भागवत गीता संपूर्ण जीवन का सार है। इस अवसर पर विशेष रूप से कटघोरा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल, डॉ दुर्गेश कश्यप, अमरनाथ कौशिक, ज्ञानेंद्र कौशिक, बम्हनीकोना के उपसरपंच अशोक कश्यप, श्याम राठौर, छतराम कौशिक एवं समस्त ग्राम वासी एवं मातृशक्ति उपस्थित रही।

## अग्रवाल सभा ने मीरा देवी धनोंदिया को दी श्रद्धांजलि



**कटघोरा।** विगत 27 मार्च को अग्रवाल सभा कटघोरा के संरक्षक सत्यनारायण धनोंदिया के अनुज रामनिवास धनोंदिया की 68 वर्षीय धर्मपत्नी श्रीमती मीरा देवी धनोंदिया का आकस्मिक निधन हो जाने के पश्चात अग्रवाल सभा कटघोरा के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ज्योति की अगुवाई में सभा के पदाधिकारी एवं सदस्यो की उपस्थिति में उनके निज निवास कारखाना एरिया कटघोरा में जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कीया गया एवं दिवंगत पुण्य आत्मा को पुष्पांजलि रूपी श्रद्धासुमन अर्पित की गई एवं शोक संतप्त परिजनों को इस विपरीत परिस्थिति में संवेदना प्रकट करते हुए ईश्वर से संबल प्रदान करने की प्रार्थना की गई। इस अवसर अध्यक्ष पवन अग्रवाल ज्योति उपाध्यक्ष सुरेश बंसल,अनिल अग्रवाल,रमेश अग्रवाल भवानी,सत्यनारायण जिंदल,बजरंग अग्रवाल,मीडिया प्रभारी हितेश गुप्ता सहित धनोंदिया परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## संकुल स्तरीय विदाई समारोह का हुआ आयोजन



**पंतोरा।** ग्राम पंचायत हेड़सपुर के आश्रित ग्राम बुढ़ना में पंतोरा बुढ़ना संकुल से सेवानिवृत हुए शिक्षक रामलाल कुंभकार प्रधानपाठक शासकीय प्राथमिक शाला बुढ़ना एवं खोलबहारा राम कुर्रे, शास प्राथमिक शाला अंगारखार, शिव कुमार का ग्राम बुढ़ना में विदाई कार्यक्रम मनाया गया। बच्चों शिक्षकों के द्वारा स्वागत सम्मान सप्रेम भेंट किया गया। संकुल प्राचार्य शासकीय उच्च माध्य विद्या पंतोरा पुरुषोत्तम कौशिक अपने पूरे स्टाफ के साथ, संकुल केंद्र पंतोरा व बुढ़ना के सभी विद्यालय के समस्त शिक्षक, ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती दिनेश्वरी कंवर उप सरपंच श्रीमती राजू रानू यादव, जनपद अध्यक्ष श्रीमती शारदा, सनत देवांगन, जिला पंचायत सदस्य अजीत शशि कला सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लाल बहादुर सिंह, राधेश्याम देवांगन उपसरपंच ग्राम पंचायत पंतोरा व पूरे संकुल के छात्र-छात्राएं ,मध्यान्ह भोजन संचालन करने वाली महिला स्व सहायता समूह बुढ़ना के द्वारा सप्रेम भेंट किया गया।

**एक ही कैंपस में चलने वाले प्रायमरी स्कूल व आंगनबाड़ी के लिए लागू हुई थी योजना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

एक ही कैंपस में चलने वाले स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए लागू की गई। बालबाड़ी योजना में शामिल होने के लिए संकुल केन्द्रों ने ऐसे स्कूलों की सूची शिक्षा विभाग में दर्ज नहीं कराने के कारण कई ऐसे स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्र हैं जो एक ही कैंपस में चलने के बाद भी बालबाड़ी योजना से बाहर हैं।

अलग खबर

पिछले शिक्षा सत्र में स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा बालबाड़ी योजना लागू की गई थी। यह योजना उन स्कूलों के लिए थी जिनके कैंपस में आंगनबाड़ी केन्द्र भी संचालित हैं। इस योजना के लिए शिक्षा विभाग के द्वारा संकुल प्रभारियों से ऐसे स्कूलों की सूची मांगी गई थी जिसके कैंपस में आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं। शहर के ही लालघाट, रिस्दा, पाड़ीमार प्राथमिक शाला के नाम बालबाड़ी योजना की सूची से बाहर है। जबकि इन स्कूलों के कैंपस में ही आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं। संकुल प्रभारियों की लापरवाही का नतीजा यह निकला कि आंगनबाड़ी केन्द्र की कार्यकर्ता और सहायिकाओं को भी बालबाड़ी योजना की जानकारी नहीं है। काम से बचने के डर से संकुल प्रभारियों ने ऐसे स्कूलों की सूची देने में लापरवाही बरती। इसके अलावा अजगरबहार हायर सेकेंडरी स्कूल के कैंपस में मिडिल स्कूल, प्रायमरी स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्र भी संचालित हैं। वह भी बालबाड़ी योजना की सूची में शामिल नहीं हैं। ग्रामीण अंचल के कई ऐसे प्राथमिक स्कूल हैं जिनके कैंपस में आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित होने के बावजूद योजना के दायरे से बाहर हैं। यह स्थिति जिले के सभी विकासखंड में नजर आती है।

**खास बात**

- संकुल प्रभारियों को सौंपना था एक ही कैंपस में चलने वाले स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों की सूची




**फिर से होगा सर्वे**

"बालबाड़ी योजना में पिछले वर्ष संकुल केन्द्रों से ऐसे स्कूलों की सूची मांगी गई थी जिनके कैंपस में आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं। पिछले वर्ष जिन स्कूलों के नाम शामिल नहीं हुए थे ऐसे स्कूलों का फिर से सर्वे किया जाएगा।

-टीपी उपाध्याय, डीईओ

**क्या है बालबाड़ी योजना**

स्कूल शिक्षा विभाग की बालबाड़ी योजना के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र में दर्ज ऐसे बच्चे जिनकी उम्र 5 साल से अधिक हो चुकी है उनको प्रायमरी स्कूल के कक्षा पहली में प्रवेश कराने के पूर्व उन्हें स्कूल के वातावरण से अवगत कराने के साथ आंगनबाड़ी केन्द्रों में जाकर प्रायमरी स्कूल के शिक्षकों को 5 वर्ष के बच्चों को स्कूल के संबंध में जानकारी देने के साथ उन्हें पढ़ाने की भी जिम्मेदारी दी गई थी।

### जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण व शहर जिला अध्यक्ष ने केंद्र सरकार पर महंगाई का फोड़ा ठिकरा

# केंद्र सरकार की आर्थिक और कूटनीतिक विफलता के कारण बढ़ रही महंगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वय मुकेश राठौर एवं मनोज चौहान ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि केंद्र सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन और कुटनीतिक विफलता के कारण महंगाई बढ़ती चली आ रही है। शहर जिलाध्यक्ष मुकेश राठौर ने बताया कि केन्द्र की मोदी (भाजपा) सरकार ने एक बार फिर कमर्शियल गैस के दाम में 195 रूपये की बढ़ोत्तरी कर दिया है। इसके पहले पिछले माह मार्च में कमर्शियल गैस के दाम में 114 रू की बढ़ोत्तरी किया गया था।

वहीं पिछले सप्ताह घरेलु गैस के दाम में 62 रूपये की बढ़ोत्तरी कर दिया था। श्री राठौर ने बताया कि कमर्शियल गैस सिलेण्डर के दामों में भारी बढ़ोत्तरी से होटल, रेस्टोरेंट, चौपाटी, ठेले, गुमटी के नास्ता-खाना के दामों में निश्चित बढ़ोत्तरी होगी जिसका सीधा असर आम जनता पर पड़ेगा। ऐसे में घर-परिवार की आर्थिक संतुलन बिगड़ सकता है। ग्रामीण जिलाध्यक्ष मनोज चौहान ने कहा है कि खाद्य तेल, अनाज सामग्री, दुध आदि सभी के दाम बेतहाशा बढ़े हैं जिससे आम आदमी के किचन का बजट


मुकेश राठौर


मनोज चौहान

बिगड़ गया है। खाद्य तेल 70 रूपये से बढ़ते-बढ़ते 200 रूपया तक पहुंच गया है, वहीं घरेलू गैस सिलेण्डर 350 से बढ़ते-बढ़ते 1000 रूपये तक पहुंच गया है तथा कमर्शियल गैस सिलेण्डर 800 रूपये से बढ़ते-बढ़ते 2000 रूपये तक पहुंचने वाला है। मनोज चौहान ने कहा कि तेल, गेस, अनाज आदि सामाग्रियों के दामों में लगातार बढ़ोत्तरी से आम आदमी का जीवन स्तर दिनों दिन खराब होते जा रहा है। केन्द्र एवं राज्य की भाजपा सरकार को आम जनता के परेशानी से कोई सरोकार नहीं है। एकतरफ चुनिंदा पूंजीपति देश के संसाधन और सार्वजनिक उपक्रम अपने नाम कर रहे हैं, वहीं आम जनता इस महंगाई में परिवार पालने के लिए संघर्ष कर रहा है। देश भर में आर्थिक असमानता सरकार की गलत नीतियों की वजह से ही बढ़ रहा है, वहीं बेलगाम महंगाई से आम जनता का जीना मुश्किल हो गया है। ब्लॉक अध्यक्ष पालुराम साहू ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने मनरेगा के नाम रोजगार की कानूनी गारंटी का प्रावधान किया था जिसे मोदी सरकार ने महज योजना में परिवर्तित कर गरीबों का रोजगार का हक छीन लिया है, जिससे आम जनता की कमाई लगातार घट रही है। गरीब और भी गरीब होते जा रहा है।

दर्री ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी, बालको ब्लॉक अध्यक्ष ए डी जोशी, कुसमुण्डा ब्लॉक अध्यक्ष बसंत चंद्रा, नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू सहित मंडल अध्यक्षगण मनीष शर्मा, सुकसागर निर्मलकर, जवाहर निर्मलकर, प्रदीप जायसवाल, देवीदयाल सोनी, बुद्धेश्वर चौहान, सुरती कुलदीप, अश्वनी पटेल, रोपा तिर्की एवं इकबाल कुरैशी ने भी बढ़ती महंगाई के लिए केन्द्र सरकार के गलत नीतियों को जिम्मेदार मानते हुए कहा कि पेट्रोल, डीजल, खाद्य तेल, अनाज, गैस, रेल टिकट, स्कूल- कालेज शिक्षा शुल्क, बिजली बिल, पेयजल शुल्क, सफाई कर, संपत्ति कर, जैसे तमाम दैनिक उपभोग की वस्तुओं की कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि ने आम जनता का बजट बिगाड़ दिया है।

## दुकान में चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** किराना दुकान में चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला सिटी कोतवाली के देवाटन बिरगहनी का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी शोभाराम साहू निवासी बिरगहनी ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह बिरगहनी चौक में किराना की दुकान चलाता है। दुकान संचालक 31 मार्च की रात में अपनी किराना दुकान में ताला बंद करके अपने घर चला गया था। अगले दिन 1 अप्रैल की सुबह आकर देखा तो इसकी किराना दुकान का ताला टूटा हुआ था। अज्ञात चोरों के द्वारा इसकी दुकान में रखें राशन का सामान कीमती 10 हजार को चोरी कर लिया गया। थाना प्रभारी जांजगीर जयप्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में थाना कोतवाली के द्वारा घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक किया गया। जिसमें दो लड़के संदिग्ध हालत में घटना स्थल के आस पास समय घूमते मिले फुटेज का बारीकी से अवलोकन करने पर संदेहियों की पहचान अमित पटेल और राजवीर सिंह निवासी बिरगहनी के रूप में हुई।

## कांग्रेस पार्षदों ने बुधवारी बाजार के निर्माण एवं विकास कार्यों का किया निरीक्षण


निरीक्षण करते पार्षद।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर, नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू, पार्षद रविसिंह चंदेल, नारायण कुर्रे, बद्री किरण, सुकसागर निर्मलकर, सुभाष राठौर, डॉ. गोपाल कुर्रे आदि ने बुधवारी बाजार के पास निर्माण कराये जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनेकों अनियमितता पाई गई। नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहु ने सवाल उठाया कि बुधवारी बाजार के पास लोहे का ग्रिल लगाकर थर्मोप्लास्ट (नो पार्किंग) लगाया गया है, वहीं नाली निर्माण का कार्य प्रगति पर है। इस पर कृपाराम साहु ने कहा कि शीघ्र ही यहाँ गौरव पथ बनना है, जो प्रक्रिया में है। गौरव पथ के निर्माण के समय यहाँ लगे लोहे के ग्रील, थर्मोप्लास्ट और नाली का टूटना लगभग तय है। ऐसे में जनता के पैसे का दुरूपयोग किसलिए यह समझ से परे है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर ने बताया कि कोरबा नगर निगम में पिछले 10 वर्षों से ईंट से नाली निर्माण बंद है। पिछले 2 कार्यकाल के दौरान कोरबा निगम क्षेत्र में जितने भी नालियों का निर्माण हुआ, वह सब सीमेंट, छड़, क्रांक्रिट से हुआ है लेकिन बुधवारी बाजार में जल्दबाजी में राखड़ ईंट से नाली का निर्माण कराया जा रहा है, इस निर्माण से कमीशनखोरी की बू आ रही है। कांग्रेस के विपक्ष के पार्षदगण इस मामले की जांच कर जिम्मेदारों पर कार्यवाई की मांग किया है।

# संयुक्त यूनियन ने नए चार श्रम कानूनों के खिलाफ मनाया काला दिवस



काला दिवस मनाकर विरोध प्रदर्शन करते श्रमिक संघ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

संयुक्त राष्ट्र ट्रेड यूनियनो के आह्वान पर बुधवार को बालको परसाभाटा में संयुक्त यूनियन के द्वारा केंद्र सरकार के द्वारा लागू किए गए 4 श्रम कोड बिल के खिलाफ में काला दिवस मनाया गया क्योंकि 1 अप्रैल को मजदूरो का शोषण करने के लिए श्रम कानून लागू कर दिया गया है इस परिपेक्क्ष पर परसाभांठा आजाद चौक बालको में संयुक्त यूनियन के द्वारा मिलकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की, 4 श्रम कोड विल रद्द करने और मजदूरों के पक्ष में कानून बनाने के लिए कहा गया और साथ ही नारे भी लगाया गया, कार्यक्रम में सीटू के अध्यक्ष सुखोंदु घोष, (एटक) महासचिव सुनील सिंह, उपाध्यक्ष पवन कुमार वर्मा, सीटू के महासचिव अमित गुप्ता, नागराज, नितेष, सुरेश साहू, एसएमएस के महासचिव संतोष प्रजापति, इंटक, नाम्स, सभी यूनियनों ने केंद्र सरकार के द्वारा लागू 44 श्रम कानून को चार श्रम कोड में बदल दिया गया है इसके विरोध में सभी यूनियनों ने यही कहा की, 4 श्रम कोड बिल मजदूरों के लिए नुकसान है मजदूरों के सारे हक अधिकार छीन लिए गए यूनियन बनाने में कठिनाई होगा, फिक्स टार्म एम्पलाईमेंट लागू कर दिया गया है। अन्य बहुत ऐसे सारे नुकसान है जिसको मंच से आने वाले समय में जब 4 श्रम कानून को लेकर बड़ा आंदोलन होगा तो परसाभाटा में आम सभा कर लोगों को जागरूक कर 4 लेबर कोड मजदूरों के लिए कितना नुक्सान इसकी जानकारी दी जाएगा और कहा कि एक जूटता होकर इस श्रम कानून के खिलाफ लड़ने की जरुरत है।

**खास बात**

- बालको परसाभाठा में संयुक्त ट्रेड यूनियन का आयोजन

* **बिलासपुर।** पंचर दुकान की आड़ में वाहनों से चोरी का डीजल खरीदने वाले संचालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से चोरी का डीजल जब्त किया गया है।

# कटघोरा विधायक ने भू-विस्थापितों के हक में उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल ने कोयलांचल के भू-विस्थापित परिवारों को न्याय दिलाने और उनके रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए एक निर्णायक कदम उठाया है विधायक पटेल ने एस.ई.सी.एल. के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक को पत्र लिखकर वर्तमान रोजगार नीति में व्यापक संशोधन करने की मांग की है।

**खास बात**

- एसईसीएल के नियमों में बदलाव की रखी मांग

विधायक पटेल ने पत्र में उल्लेख किया कि कोल इण्डिया की वर्तमान नीति के तहत केवल 20 प्रतिशत प्रभावितों को ही स्थायी रोजगार मिल पा रहा है जबकि 80 प्रतिशत लोग रोजगार से वंचित रह जाते हैं इसके कारण क्षेत्र में आए दिन आंदोलन और खदान बंदी की स्थिति निर्मित होती है जिससे न केवल उत्पादन प्रभावित होता है बल्कि देश को राजस्व की भी हानि होती है। विधायक ने भू-विस्थापितों के आर्थिक सशक्तिकरण महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं जिसमें वर्तमान में भू-विस्थापित फर्मों और सहकारी समितियों के लिए 5 लाख रुपये तक के टेंडर आरक्षित हैं विधायक ने इसे बढ़ाकर न्यूनतम 20 लाख रुपये करने का प्रस्ताव दिया है, प्रत्येक वित्तीय वर्ष में टेंडर की अधिकतम सीमा को 1 करोड़ से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपये करने की मांग की गई है ताकि स्थानीय लोग बड़े कार्यों में सहभागिता कर सकें, चूंकि अब अधिकांश कार्य आउटसोर्सिंग से हो रहे हैं इसलिए निविदा शर्तों में यह अनिवार्य किया जाए कि आउटसोर्सिंग कंपनियां प्रभावित गांवों और क्षेत्रों के कम से कम 80 प्रतिशत बेरोजगारों को नौकरी दें। एसईसीएल में लगने वाले सभी चार पहिया वाहनों के टेंडर शत-प्रतिशत भू-विस्थापितों के लिए आरक्षित किए जाएं। विधायक पटेल ने इस विषय की गंभीरता को देखते हुए इसकी प्रतिलिपि केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी, कोरबा कलेक्टर और एसईसीएल गेवरा, दीपका एवं कुसमुंडा क्षेत्र के महाप्रबंधकों को भी प्रेषित की है।


प्रेमचंद पटेल

## अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव बने विभूति



**पाली।** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के संगठन विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए युवा प्रकोष्ठ की कमान युवा नेतृत्व को सौंपी गई है। महासभा के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष चंद्रभूषण वर्मा की अनुशंसा पर युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मिलिंद चंद्राकर ने विभूति कश्यप को प्रदेश महासचिव के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया है। विभूति कश्यप विगत एक दशक से राजनीति और समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय हैं। वर्तमान में वे भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ में प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी का दायित्व संभाल रहे हैं। सामाजिक स्तर पर भी उनकी सक्रियता उल्लेखनीय है; वे छत्तीसगढ़ कुर्मी चेतना मंच में प्रदेश स्तरीय जिम्मेदारी निभाने के साथ-साथ बैसवाड़े कुर्मी क्षत्रिय समाज युवा प्रकोष्ठ रतनपुर राज में 'सह सचिव' के रूप में समाज को अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

## स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी

**कोरबा।** ग्रीष्म कालीन मौसम प्रारंभ होने पर तथा अधिक गर्मी पड़ने से शुष्क वातावरण में लू (तापाघात) की संभावना अधिक होती है। जो घातक या जानलेवा हो सकती है। जिले में बढ़ रही गर्मी को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू से बचाव हेतु आवश्यक उपाय अपनाने के लिए एडवाइजरी जारी की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले में लगातार मौसम परिवर्तन के बाद तेज धूप एवं गर्मी प्रारंभ हो गया है।

## सड़क किनारे लगी दुकानो, गाडियों की पार्किंग से हो रही दुर्घटनाएं

**कोरबा।** कोरबा-कुसमुंडा मार्ग पर सडक की स्थिति बेहतर तो कर ली गई लेकिन यहां कई तरह की खराबियां उत्पन्न होने से आये दिन हादसे हो रहे हैं। वैशाली नगर खमरिया में फोरलेन के किनारे पंचर से लेकर कई दुकाने अवैध रूप से खुल गई है। दूसरी ओर सडक पर ट्रक की अवैध पार्किंग के कारण सामने का हिस्सा नजर नहीं आता। इसलिए भी घटनाएं हो रही है। वैशाली नगर पुनर्वास क्षेत्र में मुख्य मार्ग के किनारे अतिक्रमण का सिलसिला जोर पकड़ रहा है। पहले यहां एक दुकान खुली। इसके बाद अब पंचर से लेकर कई प्रकार की दुकानें शुरू हो गई है। धीरे-धीरे आसपास की खाली पड़ी जमीन को कब्जाने की मंशा है। इस आधार पर आगे पत्रे की मांग करने का अधिकार तो मिल ही सकता है। मौजूदा स्थिति में अवैध दुकानों के खुलने से बड़ी समस्या सामने आ गई और वह है पार्किंग की। बताया जा रहा है कि मनमाने तरीके से इन्हीं दुकानों के ठीक सामने फोरलेन पर रात में सैकड़ों मीटर तक वाहनों को पार कर दिया जा रहा है।

## आदर्श नगर कुसमुंडा में गहराया जलसंकट

**कोरबा।** एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र के आदर्श नगर स्थित कॉलोनी में लगा वाटर फिल्टर पिछले कुछ दिनों से खराब पड़ा हुआ है, जिससे कॉलोनीवासियों को भीषण गर्मी में पीने के पानी के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह वाटर फिल्टर कॉलोनीवासियों के लिए पीने के पानी का मुख्य स्रोत है, जहां लोग रोज सुबह और शाम पानी भरने आते हैं लेकिन फिल्टर बंद होने के कारण लोगों को एक-एक बूंद पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। मुख्य सड़क के सामने स्थित होने के बावजूद यह वाटर फिल्टर हफ्ते भर से बंद पड़ा है। इसके बावजूद संबंधित अधिकारियों द्वारा अब तक इसे ठीक कराने की कोई ठोस पहल नहीं की गई है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि वे कई बार एसईसीएल अधिकारियों को इस समस्या से अवगत करा चुके हैं लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। लगातार शिकायतों के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। गर्मी के इस दौर में पानी की कमी ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। छोटे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को विशेष रूप से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जब एक छोटे से वाटर फिल्टर को कई दिनों तक ठीक नहीं कराया जा सकता तो इससे अंदाजा लगाया जा सकता है।

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./ / अ-2/2025-26
ग्राम-कुरदा तहसील-छपोरा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक तिलकराम वगैरह पिता सीताराम जाति-सतनामी निवासी कुरदा तहसील-छपोरा जिला-सक्ती (छ.ग.) के द्वारा अपने हक स्वामित्व की ग्राम-कुरदा तहसील-छपोरा जिला-सक्ती (छ.ग.) में स्थित पैतृक भूमि खसरा नंबर 1066/1 रकबा 0.1540 हे. में से 0.15 ए. भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराये जाने के लिए खसरा, नक्शा, बी-1, रजिस्ट्री पेपर एवं अधिकार अभिलेख की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदित भूमि का औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनर्निधारण किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 17.04.26 तक स्वयं या अधिवक्ता के जरिये उपस्थित होकर विधि अनुसार लिखित रूप से आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 2.04.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील एवं पदमुद्रा लगाकर जारी किया गया।

**सक्षम प्राधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मालखरौदा जिला-सक्ती (छ.ग.)**

**न्यायालयः (श्रीमती लीना अग्रवाल) द्वितीय जिला न्यायाधीश सक्ती जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)**

प्रो. नंबर 544/2026
व्य. अपील.क्र.69A/2024
पेशी तारिख 23/04/2026

शिव कुमार साहू वगै. **बनाम** गांधी राम वगै.
बनाम :
उत्तरवादी क्रमांक 2 की उपस्थिति हेतु-
01- श्रीमती श्यामा बाई साहू पिता स्व. सुकदेव उम्र 69 साल, निवासी नवापारा तहसील बम्हनीडीह, नवागढ़, जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)

अपीलार्थी शिवकुमार पिता श्याम लाल साहू उम्र 30 साल, निवासी आमनदुला तहसील मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.), ने व्यवहार अपील प्रकरण क्रमांक 69 अ/2024 के तहत के पक्षकार शिवकुमार वगै. बनाम गांधीराम वगै. विरुद्ध प्रकरण इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिसमें उत्तरवादी क्र. 2, की उपस्थिति नहीं हो पायी है। जिसके कारण अपीलार्थीगण द्वारा समाचार पत्र में उपस्थिति हेतु आवेदन किया है। जिसकी पेशी तारीख 23/04/2026 है। अतः इस समाचार पत्र के माध्यम से सूचना दी जाती है कि यदि आप उपर बताई गयी तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात (हाजीर) नहीं होगें तो अपील की सुनवाई और उसका विधि अनुसार निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।
नोटः- यदि नियत तिथि पर सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस पर की जावेगी।
आज दिनाँक 28/03/2026 को अदालत की मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

**श्रीमती लीना अग्रवाल द्वितीय जिला न्यायाधीश सक्ती जिला- जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)**

जाँजगीर मार्केट

फर्नीचर एवं डोर
आपके शहर जांजगीर में आदित्य प्लाई एंड हार्डवेयर में शादी-विवाह एवं अन्य शुभ अवसरों के लिए फैंसी फर्नीचर, स्टील अलमारी, पाटिकल अलमारी, डिलक्स अलमारी, ड्रेसिंग, सोफा, पलंग, दीवान, कुलर, काउंटर, मंदिर, टी टेबल, डायनिंग टेबल, ऑफिस फर्नीचर, होम फर्नीचर, स्टडी टेबल एवं अन्य आधुनिक फर्नीचर उचित मूल्य पर प्राप्त करें।
विशेष : (1) शादी-विवाह की खरीदी पर विशेष छूट
(1) मॉड्यूलर कीचन, बेडरूम, किड्स रूम, एलईडी स्टेंड डिजाईन एवं डेकोरेशन
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेता जी चौक के पास, लिंक रोड जांजगीर मो. 6260115021

सेन्ट्रीग सामान का थोक भंडार
आपके शहर जांजगीर में सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग मे बल्ली, राप्टर, कढी, बत्ता, वेडी, सेन्टीग प्लेट, सेन्टीग प्लाई बांस, चौखट, खिड़की दरवाजे थोक एवं चिल्हर कम दर पर प्राप्त करे बबूल,सागौन, सराई, खम्हार एवं अन्य इमारती लकड़ी मिलने का एक मात्र स्थान
नोट - जलाऊ लकड़ी एवं जलाऊ गुटका थोक एव चिल्हर मे प्राप्त करे
विशेष - अग्निशामक यंत्र (फायर सेफ्टी) मिलने का एक मात्र स्थान
सिंघनिया लकड़ी लघु उद्योग
नेती जी चौक लिंक रोड जांजगीर बैंक आफ बडौदा के बाजू मे
प्रो. शंकर सिंघानिया मो-93023 62173

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

**खबर संक्षेप**

## सेवानिवृत्त होने पर सब इंस्पेक्टर को दी गई विदाई



**चांपा।** थाना चांपा में पदस्थ सब इंस्पेक्टर दादुरैया सिंह अपने 40 वर्षों की गौरवपूर्ण सेवा पूरी कर 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए। यह संयोग रहा कि उसी दिन उनका जन्मदिन भी था। थाना परिसर में इस दोहरे मौके पर खुशी और भावुकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। एक ओर जहां पूरे स्टाफ ने केक काटकर उनका जन्मदिन धूमधाम से मनाया, वहीं दूसरी ओर ससम्मान विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में सब इंस्पेक्टर उमेंद्र मिश्रा ने उन्हें कोसे की शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया, जबकि सब इंस्पेक्टर सत्यम चौहान ने श्रीफल भेंट कर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान थाना स्टाफ के सभी सदस्य, उनके परिजन एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह में एसआई लकड़ा ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर उनके लंबे सेवाकाल और योगदान को भावपूर्ण शब्दों में व्यक्त किया। इस दौरान मौजूद सभी लोग भावुक हो उठे। अपने विदाई संबोधन में दादुरैया सिंह की आंखें नम हो गईं। उन्होंने कहा कि "पुलिस विभाग में बिताए गए 40 वर्ष मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी हैं। मैंने पूरी ईमानदारी से भारत माता की सेवा की है, और यदि भविष्य में विभाग को मेरी आवश्यकता होगी, तो मैं सदैव तैयार रहूंगा।" इस खास मौके पर उनके परिवार में भी खुशी का माहौल देखने को मिला, क्योंकि एक ही दिन जन्मदिन और सेवानिवृत्ति का ऐसा संयोग विरले ही देखने को मिलता है। समाजसेवी एवं पत्रकार विनय अग्रवाल ने कहा कि दादुरैया सिंह जैसे अधिकारी विभाग के लिए प्रेरणा हैं, जिन्होंने अपने पूरे कार्यकाल में कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी की मिसाल कायम की है।

## विजय खांडेल बने युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष

**अकलतरा।** छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस प्रदेश प्रभारी अमित सिंह पठानिया एवं सह प्रभारी डा. मोनिका



मंडरे के मार्गदर्शन एवं छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देश पर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष पंकज शुक्ला के द्वारा युवा कांग्रेस अकलतरा विधान सभा अध्यक्ष विजय खांडेल को युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। विजय खांडेल नगर पालिका परिषद अकलतरा में लगातार दूसरी बार पार्षद निर्वाचित होकर जन सेवा का कार्य कर रहे हैं। अपनी नियुक्ति पर विजय खांडेल के द्वारा कांग्रेस संगठन के पदाधिकारी को प्रति आभार व्यक्त करते हुए कांग्रेस पार्टी के नीति रीति का प्रचार प्रसार करते हुए ज्यादा से ज्यादा युवाओं को कांग्रेस पार्टी से जोड़ कर संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे।

## सद्भावना मैच के साथ हाईस्कूल मैदान में कर्मचारी अधिकारी प्रीमियर लीग का आगाज़

**जांजगीर-चांपा।** जिले के हाईस्कूल मैदान में कर्मचारी अधिकारी प्रीमियर लीग का शुभारंभ सद्भावना मैच के साथ हुआ। उद्घाटन सद्भावना मैच प्रशासनिक 11 और पत्रकार 11 के बीच खेला गया, जिसमें प्रशासनिक 11 ने एकतरफा प्रदर्शन करते हुए 54 रन से जीत दर्ज कर लीग की विजयी शुरुआत की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रशासनिक 11 ने निर्धारित ओवरों में 3 विकेट के नुकसान पर 98 रन बनाए। टीम की ओर से करण पांडे ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 46 रन की पारी खेली, जिसमें 5 छक्के और 4 चौके शामिल रहे। जवाब में पत्रकार 11 की टीम निर्धारित 7 ओवरों में केवल 44 रन ही बना सकी और 54 रन से मैच हार गई।यह उद्घाटन मुकाबला सद्भावना मैच के रूप में खेला गया, जिसका उद्देश्य विभिन्न विभागों और मीडिया कर्मियों के बीच आपसी समन्वय और सौहार्द को बढ़ावा देना रहा। मैच के दौरान दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला और मैदान तालियों व उत्साह से गूंजता रहा। अन्य मुकाबलों में भी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। पामगढ़ की टीम ने एक मैच में 2 विकेट के नुकसान पर 88 रन बनाए, जिसमें परिमल ने लगातार तीन छक्के जड़ते हुए 40 रन की बेहतरीन पारी खेली। जवाब में विरोधी टीम 40 रन पर सिमट गई। इस मैच में राज सिंह ठाकुर को 'बेस्ट बॉलर' और परिमल को 'बेस्ट बैट्समैन' चुना गया।वहीं कृषि स्नातक अधिकारी संघ और छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग संघ के बीच खेले गए मुकाबले में कृषि स्नातक संघ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 79 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ की टीम विजेता रही। इस मुकाबले में ओम प्रकाश को 'बेस्ट बॉलर' का पुरस्कार प्रदान किया गया। अंपायर के निर्णय कीभूमिका में अशोकसाहू भूपेंद्र की भूमिका रहे।

## युवा कांग्रेस के जिला सचिव बने दीपक श्रीवास

**तुस्मा।** छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अमित सिंह पटानिया एवं सह प्रभारी डॉ. मोनिका



मंडरे के मार्गदर्शन में तथा प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा की अनुमति से संगठनात्मक विस्तार के तहत दीपक कुमार श्रीवास को जिला सचिव पद पर नियुक्त किया गया है। दीपक श्रीवास ने कहा कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और सक्रियता से करेंगे तथा संगठन को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। इस मनोनयन से स्थानीय कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह देखा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि दीपक हमेशा से ही क्षेत्र की समस्याओं को लेकर गंभीर रहते हैं। उन्होंने कई सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है।

### बंदियों से चर्चा कर सुनी समस्याएं, सुविधाओं के बारे में ली जानकारी

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने उपजेल का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

उपजेल सक्ती का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने निरीक्षण कर किया। उन्होंने जेल के विभिन्न बैरकों में जाकर स्वच्छता का अवलोकन किया। साथ ही बंदियों से चर्चा कर मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयदीप गर्ग द्वारा नवीन उपजेल सक्ती का शुक्रवार 3 अप्रैल को निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने जेल की सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं और जेल परिसर की स्वच्छता का जायजा लिया। न्यायाधीश ने जेल के विभिन्न बैरकों का भ्रमण किया और वहां की क्षमता व स्वच्छता का अवलोकन किया। उन्होंने बंदियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं और जेल प्रशासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। जेल की रसोई का निरीक्षण करते हुए उन्होंने बंदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता और शुद्धता की जांच की। उन्होंने जेल प्रशासन को निर्देश दिए कि मीनू के अनुसार पौष्टिक और स्वच्छ भोजन समय पर उपलब्ध कराया जाए। सहनिरीक्षण के दौरान उन्होंने बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने जेल अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो बंदी आर्थिक



उपजेल सक्ती का निरीक्षण करने जाते न्यायाधीश जगदीप गर्ग एवं अन्य।

अभाव में वकील नहीं कर सकते, उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता तुरंत उपलब्ध कराई जाए। उपजेल के चिकित्सा कक्ष का निरीक्षण कर उन्होंने दवाइयों की उपलब्धता और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के संबंध में भी निर्देश दिए। डी.जे. ने जेल प्रशासन को सुरक्षा के कड़े इंतजाम रखने और जेल मैनुअल के नियमों का अक्षरशः पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि बंदियों के मानवाधिकारों का संरक्षण सुनिश्चित करना और जेल परिसर में अनुशासन बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। उक्त निरीक्षण के दौरान शैलेश चौहान प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, प्रवीण मिश्रा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सुश्री शुभदा गोयल मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, मनोज कुमार कुशवाहा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर, विजय पटेल सहायक जेल अधीक्षक, जेल स्टाफ और पैरालीगल वालेंटियर मनीष साहू उपस्थित रहे।



प्रशिक्षण में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते श्री चंदेल।

## प्रशिक्षण से होता है व्यक्तित्व में निखार व विकासः चंदेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

ग्राम पचेड़ा में भारतीय जनता पार्टी जांजगीर ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया। इस अवसर पर छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल विशेष रुप से उपस्थित रहे।

- पचेड़ा में आयोजित भाजपा के प्रशिक्षण वर्ग में शामिल हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष

उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये कहा कि प्रशिक्षण एक सतत चलने वाली प्रक्रिया है। हर व्यक्ति जीवन भर सीखता है, प्रशिक्षण से व्यक्तित्व का विकास व व्यक्ति में निखार आता है, यह हर व्यक्ति की आवश्यकता है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने भाजपा कार्यकताओं को संबोधित करते हुये आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का पूरे देश में प्रशिक्षण वर्ग का कार्यक्रम चल रहा है। पार्टी की रीति-निती, पार्टी का इतिहास, उसकी कार्य पद्धती तथा संगठन में हम अपने दायित्व का निर्वाह कैसे करे, निर्वाचित जनप्रतिनिधी जनता के प्रति अपने दायित्व पूरी जिम्मेदारी से करे। इन सभी विषयों के बारे में प्रशिक्षण वर्ग में विस्तार से चर्चा होती है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदेल ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे अपने दायित्व एवं उत्तर दायित्व का निर्वाह अच्छे ढंग से करे, भारतीय जनता पार्टी को सर्वस्पर्षी बनाते हुये और मजबूत बनाये ताकि आने वाली चुनौती का सामना हम सभी के सहयोग से अच्छे ढंग से कर सके। ग्राम पचेड़ा में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग के कार्यक्रम में मन के बात के जिला संयोजक विवेका गोपाल, अमर सुल्तानिया, भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष भुवनेश्वर साहू, भाजपा जांजगीर-ग्रामीण मंडल अध्यक्ष धजाराम साहू, श्रीमती नंदिनी राजवड़े सहित बड़ी संख्या में भाजपा मंडल के कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## हनुमान जन्मोत्सव पर श्री राम सेवा समिति ने निकाली शोभायात्रा

**अकलतरा।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्री राम सेवा समिति द्वारा नगर के महामाया मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद ढोल ताशा, डीजे के साथ नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

रथ में भगवान राम, सीता लक्ष्मण एवं हनुमान की भव्य झांकी बनाने के साथ रथ

- श्री राम चौक में आयोजित भंडारे में नगर वासियों ग्रहण किया प्रसाद

में सवार किया गया। शोभायात्रा भगवान परशुराम मार्ग, सब्जी मार्केट, शास्त्री चौक, पोस्ट ऑफिस मार्ग, आजाद चौक अंबेडकर चौक होते हुए श्री राम चौक में पहुंची। शोभा यात्रा का नगर वासियों ने भव्य स्वागत किया। शोभायात्रा के दौरान युवाओं द्वारा डीजे की धुन पर नृत्य किया गया। शोभायात्रा में हनुमान एवं जामवंत की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा के श्री राम चौक में पहुंचने पर भगवान श्री राम एवं हनुमान की पूजा अर्चना करने के साथ मंगल आरती की गई। नगर के लोगों द्वारा श्री राम चौक में सुंदरकांड एवं हनुमान



शोभा यात्रा में शामिल नगरवासी।

चालीसा का पाठ किया गया। हनुमान जयंती के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में नगरवासियों ने उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण किया। श्री राम सेवा समिति के पदाधिकारियो ने बताया कि श्री राम सेवा समिति द्वारा हनुमान जयंती के अवसर पर नगर में द्वितीय बार भव्य शोभायात्रा निकाली गई। श्री राम चौक में भगवान राम एवं हनुमान की पूजा अर्चना करने के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर की उपाध्यक्ष रजनी साहू, ओम प्रकाश साहू, राजेश्वर पाटले, मनोज मिश्रा, गौरी रानी गुईन, कुलदीप जायसवाल, नरेश केड़िया, एन एस गभेल, पार्षद दिनेश दास महंत, पुरुषोत्तम नामदेव, राजकुमार सिंह, अंकित सिंह सिसोदिया, संजय सोनवानी, श्यामा चरण चौधरी, छोटू कश्यप, ईश्वर साहू, आयुष शर्मा, अभिजीत सोनवानी, अर्पित देवांगन, अमन सोनवानी, पारस साहू, रमेश पालीवाल, क्षितिज सिंह चौहान, प्रकाश साहू एवं नगर वासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।

## पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक कल

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ संयुक्त तहसील चाम्पा, सारागांव, बम्हनीडीह की मासिक बैठक मां गायत्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारागांव में रविवार 5 अप्रैल को दोपहर 12 बजे आयोजित किया गया है। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की जाएगी तथा प्रांतीय निर्देशों की जानकारी दी जाएगी। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के अध्यक्ष बालमुकुंद चतुर्वेदी, कार्यवाहक अध्यक्ष नंद कुमार राठौर, गेंदराम डडसेना, तिजेंद्र तिवारी, सचिव विजय सिंह राठौर, गौरीशंकर राठौर, कोषाध्यक्ष घनश्याम यादव, प्रवक्ता रामकुमार राठौर ने पेंशनरों को अधिक से अधिक से संख्या में बैठक में शामिल होने की अपील की है।

## दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में हरि संकीर्तन सप्ताह का समापन आज

**जांजगीर चाम्पा।** मारुति नंदन संकट मोचक हनुमान मंदिर बजरंग नगर कुलीपोटा में प्रतिवर्ष अखंड रामनाम हरि संकीर्तन का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है । इस कड़ी में 28 मार्च से 4 अप्रैल तक यह आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन खेमूका परिवार व समस्त ग्रामवासी कुलीपोटा के द्वारा किया जा रहा है। आयोजन समिति के विष्णु खेमका ने बताया कि प्रति वर्ष होने वाले



अखंड रामनाम हरि संकीर्तन में देश भर की प्रख्यात मंडलियां पहुंचती हैं, जिनमे दमोह मप्र की दद्दा जी मंडली , ओडिसा, जबलपुर सहित स्थानीय मंडलियों नगेड़ी,कोरकोटी, कोरडा, चिरपोटा, खुपरी, पौना, परसापाली, काशा, भास्करापाली, जोगीदादार व अन्य कीर्तन मंडली द्वारा संकीर्तन किया जा रहा है। रोजाना श्रद्धालुओं की भीड़ लग रही है। संकीर्तन में शामिल मंडलियों में प्रथम स्थान प्राप्त मंडली को 11 हजार रुपये, द्वितीय स्थान को 71 हजार रुपये, तृतीय स्थान को 4100 रुपये पुरस्कार दिया जाएगा जिसका निर्णय समिति करेगी। मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव 2 अप्रैल को धूमधाम से मनाया गया। महाआरती में बडी संख्या मे श्रद्धालुओं पहुंचे ।

## हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवरी-सारागांव

हनुमान जयंती के अवसर पर 2 अप्रैल गुरुवार को नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अंजनी पुत्र हनुमान का जन्मोत्सव श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान देवरी के ब्यास चौक, बंधवा तालाब, फाटकपारा स्थित दक्षिण हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और भव्य आयोजन किए गए। वहीं नगर पंचायत सारागांव के कहरापारा, डबरी चौक, बस्तीपारा हनुमान मंदिर तथा मूरकट्टी के पास स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में भी सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही।

भक्तों ने मंदिरों में पहुंचकर पूजा-अर्चना के साथ रामायण पाठ, सुंदरकांड पाठ और भजन-कीर्तन का आयोजन किया। शाम के समय महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिरों को फूल-मालाओं और रंग-बिरंगी लाइटों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। कई स्थानों पर हनुमान जी की शोभायात्रा भी निकाली गई, जिसमें बैंड-बाजों, झांकियों और जयकारों के साथ श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। देवरी के ब्यास चौक हनुमान मंदिर में भक्तों ने नारियल, रोट, चना, गुड़, बूंदी, जलेबी, अंगूर, केला,



दर्शन करने लगी श्रद्धालुओं की भीड़।

रसगुल्ला, खीर पूड़ी का भोग अर्पित कर अपनी आस्था प्रकट की। इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर समाजसेवियों एवं श्रद्धालुओं द्वारा प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी में उत्साह देखने को मिला, वहीं महिलाओं ने भी भजन मंडलियों में सक्रिय भागीदारी निभाई। पूरा क्षेत्र भक्ति और आस्था के रंग में सराबोर नजर आया।

## बहेराडीह में कलश यात्रा के साथ नवधा रामायण शुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहेराडीह

ग्राम बहेराडीह उर्फ भदरीपाली में भव्य कलश यात्रा निकली और वेदी पूजन के पश्चात अखंड नवधा रामायण का शुभारम्भ हुआ। गांव के सरपंच श्रीमती चन्द्रकला सरवन कश्यप व आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने शुक्रवार 3 अप्रैल को दोपहर 4 बजे बहेराडीह स्थित नवधा चौंक से भव्य कलश यात्रा निकली।

कलश यात्रा माता भुवनेश्वरी मंदिर पहुंची और स्कूल किनारे स्थित तालाब से जल का पूजा अर्चना कर कलश में जल भरकर कलश यात्रा नवधा स्थल पहुंची। जहां आचार्य पंडित मार्कण्डेय पाठक व उनके सहयोगी पंडित अर्जुन बैष्णव ने बेदी पूजन विधि






कलश यात्रा निकालते श्रद्धालुगण।

विधान पूर्वक किया। वेदी स्थापना के पश्चात अखंड नवधा रामायण का शुभारम्भ हुआ। इस मौके पर गांव के सरपंच श्रीमती चंद्राकला सरवन कश्यप, रामभरोस यादव, पंच ईश्वर प्रसाद यादव, रामगोपाल यादव, शिवराम कश्यप, घनश्याम यादव, शोहन लाल यादव, रामलाल यादव, मुरित राम यादव, दीनदयाल यादव, छेदी लाल यादव, दादूराम यादव,शंसी राम यादव, श्रवण कश्यप, उजीत कश्यप, किष्णो कश्यप, लखन कश्यप, नरहर सिंह कंवर, धनीराम यादव, लम्बोदर प्रसाद यादव, सियाराम यादव सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## आम आदमी पार्टी ने किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ किया प्रदर्शन

**सक्ती।** किसानों के हित, अधिकार और न्याय की लड़ाई को मजबूत करने के उद्देश्य से आम आदमी पार्टी द्वारा किसान न्याय जनसभा का आयोजन किया गया। चंद्रपुर विधानसभा एवं सक्ती विधानसभा क्षेत्र में जिला अध्यक्ष ईश्वर साहू द्वारा 1 अप्रैल एवं 2 अप्रैल को किसान न्याय जनसभा आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भानु चंद्रा, लोकसभा उपाध्यक्ष टिकेश्वर चंद्रा सहित जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने किसानों के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए भाजपा सरकार की नीतियों को किसान विरोधी बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अभिषेक मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार लगातार किसानों के साथ अन्याय कर रही है। फसल का उचित मूल्य, समय पर भुगतान, खाद-बीज की उपलब्धता और सिंचाई की सुविधाओं में भारी कमी है। किसान आज कर्ज और परेशानियों के बोझ तले दबे हुए है, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है। आम आदमी पार्टी किसानों के हक और सम्मान की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।





किसान न्याय सभा को संबोधित करते आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी।

न्याय सभा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष भानु चंद्रा, लोकसभा उपाध्यक्ष टिकेश्वर चंद्रा ने भी संबोधित किया। इस दौरान जिला महासचिव लतेल प्रसाद करियारे, जिला उपाध्यक्ष अमर सिंह बरेठ, रोहित यादव, अशोक खांडे, जिला संगठन मंत्री बुधारु जांगड़े, जिला सचिव मन्नू महंत, ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र जांगड़े, लविश धीरहे,मुन्ना मैत्री, कवलधर, सालिक चंद्रा,अरविंद खूंटे,वेदराम साहू, बाबूलाल यादव, एवं बड़ी संख्या कार्यकर्ता, किसान उपस्थित थे।

## हसदेव पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**चांपा।** हसदेव पब्लिक स्कूल में 1 अप्रैल को शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा प्रार्थना सभा के साथ की गई। इसके पश्चात बच्चों ने संगीत की मधुर धुनों पर शारीरिक व्यायाम किया। विद्यालय परिवार द्वारा नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया, जिससे बच्चों में विशेष उत्साह एवं आत्मविश्वास का संचार हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार शर्मा, उपप्राचार्य श्रीमती कमल अंबवानी, मैनेजर जवाहरलाल यादव ने बच्चों को अनुशासन, परिश्रम एवं नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, कार्यालयीन कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
19 मई, 02 जून, 28 जुलाई, 11 अगस्त, 08 सितम्बर, 29 सितम्बर 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
नोट :- स्पेशल ट्रेन में त्रिवेंद्रम पद्मनाभ स्वामी नहीं रहेगा।
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411